पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री

लखनऊः 04 सितम्बर 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचारिक भेंट की तथा कल होने वाले लखनऊ मेट्रो के उद्घाटन का औपचारिक निमंत्रण भी दिया। भेंटवार्ता के दौरान उपमुख्यमंत्री डाॅ0 दिनेश शर्मा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री को झूलेलाल पार्क में आयोजित गणेश प्राकट्य कमेटी द्वारा आयोजित गणेश पूजा में सम्मिलित होना था।

श्री नाईक से मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बाढ़ की स्थिति, बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत एवं पुनर्वास के लिए किए जा रहे कार्यों, जनपद भ्रमण सहित अन्य मुद्दों पर भी विचार-विनिमय किया।

अंजुम/ललित/राजभवन (334/6)